# सिद्धार्थनगर पुलिस

## प्रेस नोट दिनांक 18-06-2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जनपदीय पुलिस द्वारा ईद-उल-जुहा (बकरीद) व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत अपने-अपने थाना क्षेत्रों में पोस्टर पार्टी निकालकर मन्दिर-मस्जिद एवं संवेदनशील स्थानों में चलाया गया चेकिंग अभियान।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में दिनांक 17/18.06.2024 की रात्रि में त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के दृष्टिगत शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक /थानाध्यक्ष द्वारा पोस्टर पार्टी निकालकर अपने-अपने थानाक्षेत्रों में स्थित मन्दिर-मस्जिद एवं अन्य संवेदनशील स्थानों पर चेकिंग की गयी। आपस में सौहार्द बनाये रखने व अफवाहों से दूर रहने तथा किसी भी खबर की प्रमाणिकता जाने बिना शेयर न करने हेतु अपील किया गया। त्यौहार ईद-उल-जुहा (बकरीद) के मद्देनजर सोशल मीडिया पर पर्याप्त सतर्कता रखी जा रही है।

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह ने जनता दर्शन में आये फरियादियों की समस्याएं/शिकायतों को सुना।

आज दिनांक 18.06.2024 को पुलिस कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनसुनवाई कर शिकायतकर्ता की समस्या को सुनकर संबंधित प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष को गूगल मीट के माध्यम से तत्काल गुणवत्तापूर्ण निराकरण के लिए निर्देशित किया गया। जनसुनवाई के दौरान कुल 18 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिसमें 04 भूमि विवाद , 04 मारपीट व 10 अन्य से संबंधित थे। प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने हेतु संबंधित को आदेशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा विभिन्न शाखाओ का औचक निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 18.06.2024 को पुलिस कार्यालय सिद्धार्थनगर के विभिन्न शाखाओं का औचक निरीक्षण किया गया | सर्वप्रथम महोदय द्वारा डी.सी.आर.बी., विशेष जांच प्रकोष्ठ, एल.आई.यू. का निरीक्षण कर कार्यालय परिसर की साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा शाखाओं के अभिलेखों/ रजिस्टरों का भी गहनता से निरीक्षण कर उनके सम्बन्ध में जानकारी ली गयी एवं अपूर्ण अभिलेखों/रजिस्टरों को पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिला थाना का औचक निरीक्षण कर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश।

आज दिनांक 18.06.2024 को सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिला थाना का औचक निरीक्षण किया गया, महोदय द्वारा थाना कार्यालय/आगन्तुक कक्ष व सीसीटीएनएस/साइबर/महिला परामर्श केन्द्र-नई किरण के रजिस्टर इत्यादि का गहनता से निरीक्षण किया गया एवं थाना परिसर का निरीक्षण कर थानाध्यक्ष महिला थाना को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

अवैध लाल-नीली बत्ती, अवैध हूटर/सायरन का प्रयोग व दो/चार पहिया वाहनों पर पुलिस कलर्स के खिलाफ अभियान

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

### ◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा फिल्ड युनिट का औचक निरीक्षण कर सम्बन्धित को दिए गये आवश्यक दिशा-निर्देश।

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा आज दिनांक 18.06.2024 को फिल्ड युनिट (फारेंसिक युनिट) का औचक निरीक्षण किया गया | सर्वप्रथम महोदय द्वारा निरीक्षण कर कार्यालय परिसर की साफ-सफाई हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये तथा विभिन्न उपकरणो, अभिलेखों/रजिस्टरों का गहनता से निरीक्षण कर उनके सम्बन्ध में जानकारी ली गयी एवं अपूर्ण अभिलेखों/रजिस्टरों को पूर्ण करने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

### ◆दहेज हत्या के आरोपी वाछित अभियुक्त चढ़े पुलिस के हत्थे।
### ◆थाना गोल्हौरा पुलिस को मिला सफलता।
### ◆गिरफ्तार अभियुक्तगण को माननीय न्यायालय भेजा गया।

सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक, सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व गर्वित सिंह, क्षेत्राधिकारी इटवा एवं अरविंद कुमार गुप्ता, थानाध्यक्ष थाना गोल्हौरा के नेतृत्व में आज दिनांक 18.06.2024 को मु0अ0सं0 49/2024 धारा 498A/304B भादवि व 3/4 डीपी एक्ट से संबंधित 02 अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर, माननीय न्यायालय भेजा गया।

#### गिरफ्तार अभियुक्तगण का विवरण-

01. राजाराम पुत्र स्व. राम नरेश् निवासी श्री बेलवा थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
02. इंद्रावती पत्नी राजाराम निवासी श्री बेलवा थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

#### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम का विवरण-

01. अरविंद कुमार गुप्ता थानाध्यक्ष गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
0 2. हे.का. उपेंद्र निषाद, हे.का. विनोद कुमार थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
03. का. राहुल कुमार थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।
04. म.का. चंद्र कला मौर्य थाना गोल्हौरा जनपद सिद्धार्थनगर।

## प्रेस नोट- दिनांक 18-06-2024 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में जनपदीय पुलिस द्वारा वाहनों में हूटर / सायरन / लाल नीली बत्ती / ब्लैक फिल्म लगाने वालों के विरूद्ध की जा रही है विधिक कार्यवाही।

शासन एवं यातायात निदेशालय उत्तर प्रदेश के आदेश निर्देशों के क्रम में वाहनों में हूटर / सायरन / लाल नीली बत्ती / ब्लैक फिल्म लगाने वालों के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में जनपद में आज दिनांक 18-06-2024 को सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के पर्यवेक्षण में जनपदीय पुलिस टीम द्वारा जनपद के विभिन्न स्थानों / मुख्य चौराहों पर वाहन में नियम विरूद्ध / अवैधानिक रूप से हूटर / सायरन / लाल नीली बत्ती / ब्लैक फिल्म का प्रयोग करने वाले वाहनों की चैकिंग करते हुए उनके विरूद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की जा रही है तथा वाहन चालको को यातायात नियमों का पालन करने एवं अपने वाहनों पर अवैधानिक रूप से हूटर / सायरन / लाल नीली बत्ती / ब्लैक फिल्म का प्रयोग न करने हेतु जागरुक किया जा रहा है।

## प्रेस नोट दिनांक 18.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर

◆जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का किया गया आकस्मिक निरीक्षण।

◆सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा निर्देश।

आज दिनांक 18.06.2024 को जिला जज, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा जिला कारागार सिद्धार्थनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक व पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहें। सभी बैरको का तथा बन्दियों का गहन निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बैरकों मे किसी प्रकार की आपत्तिजनक वस्तु प्राप्त नही हुई। जेल अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा बताया गया कि नियमित रूप से उनके व जेल स्टाफ द्वारा जेल की चेकिंग की जाती है। जिला कारागार सिद्धार्थनगर में निरीक्षण के समय सभी व्यवस्थायें सन्तोष जनक पायी गयी। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देशित किया गया कि नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करते रहे व शातिर किस्म के बन्दियों पर विशेष सतर्क दृष्टि रखे एंव आवश्यकतानुसार समय-समय पर कारागार मे निरूद्ध बन्दियों की गतिविधियों के सम्बन्ध मे जानकारी देते रहें।

***प्रेस नोट दिनांक 18.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर***

***◆यातायात पुलिस द्वारा दो पहिया वाहन पर तीन सवारी/ बिना हेलमेट वाहन चलाना, वाहनों पर पुलिस कलर्स का अवैध प्रयोग, सायरन हुटर/प्रेशर हॉर्न उपयोग करने एवं सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनो को हटवाना आदि के विरुद्ध चेकिंग अभियान चलाया गया।***

आज दिनांक 18.06.2024 को सुश्री प्राची सिंह पुलिस अधीक्षक जनपद सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुपालन के क्रम मे,अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर सिद्धार्थ के निर्देशन मे, क्षेत्राधिकारी यातायात अरुणकांत सिंह के कुशल पर्यवेक्षण मे प्रभारी यातायात अमरेश कुमार मय टीम द्वारा विशेष अभियान के तहत सनई चौराहा, साड़ी तिराहा,पेट्रोल पम्प तिराहा, हैड्रिल तिराहा तथा अन्य स्थानों पर पी० ए० सिस्टम से आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ साथ सड़को के किनारे अवैध रूप से खड़े हटवाया गया, 04 वाहनों पर सायरन हुटर/प्रेशर हॉर्न उपयोग करने एवं 07 दो/चार पहिया वाहनों मे लगे पुलिस कलर्स का अवैध प्रयोग के साथ कुल 52 वाहनों का चालान करते हुए 55,500 शमन शुल्क की कार्यवाही करते हुए प्रत्येक दशा मे यातायात नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित किया गया, जिससे होने वाली सड़क दुर्घटनाओ की संख्या मे भारी कमी लायी जा सके।

**प्रेस नोट दिनांक 18.06.2024 जनपद सिद्धार्थनगर**

**◆थाना लोटन पुलिस के अथक प्रयास व काफी खोजबीन करने के पश्चात गुमशुदा बालक को बरामद कर परिजनों को किया गया सुपुर्द।**

सुश्री प्राची सिंह, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के अनुक्रम में, सिद्धार्थ, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन में अरुण कान्त सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में विजय शंकर सिंह थानाध्यक्ष थाना लोटन जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व मेंव आज दिनांक 18.06.2024 को थाना लोटन पुलिस द्वारा थाना शोहरतगढ़ क्षेत्रान्तर्गत ग्राम महली के गया प्रसाद पुत्र राजेश का 07 वर्षीय बालक घुमते हुए थानाक्षेत्र लोटन के अमरजीत पुत्र भारत ग्राम कपिया को घूमते हुए मिला जिन्होने थाना लोटन पुलिस को सूचना दी तथा लोटन पुलिस द्वारा परिजनो को सूचना दी। 07 वर्षीय बालक के परिजनों के पहुचनें पर पुलिस द्वारा बालक को परिजनों को सुपुर्द किया गया। पुलिस के इस कार्य की क्षेत्र की जनता के द्वारा भूरि - भूरि प्रशंसा की जा रही है।